आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- होमगाड्‌र्स जवानों को भी मिलेगी कैशलेस उपचार की सुविधा। होमगाड्‌र्स के तिरसठवें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- प्रदेश भर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिये चहारदीवारी बनवायेगी सरकार। बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- केन्द्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइंस को आज रात आठ बजे तक बाधित उड़ानों की रिफंड प्रक्रिया पूरी करने के दिये निर्देश। भुगतान प्रक्रिया में देरी पर होगी कार्रवाई।
- प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य तेजी से जारी। राज्य के इक्यानबे हजार चार सौ इकतालीस बूथों पर शत प्रतिशत कार्य पूरा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल उत्तर प्रदेश होमगाड्‌र्स के 63वें स्थापना दिवस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड संगठन अब सिर्फ पुलिस के सहायक के रूप में ही कार्यरत नहीं है बल्कि वह यातायात संचालन, चुनाव ड्यूटी और आपदा नियंत्रण जैसे मौकों पर भी सेवाएं दे रहा है। मुख्यमंत्री ने विभाग से कहा कि होमगार्ड के जवान को आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार होमगाड्‌र्स के कल्याण के लिये ठोस कदम उठा रही है।

***होमगार्ड के जवानों के कल्याण के लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। वर्तमान में हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 2,19,000 पुलिस कार्मिकों की भर्ती की प्रक्रिया को अब तक पूरा किया है और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि वर्तमान में हम लोग 45,000 होमगार्ड के जवानों की भर्ती की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं और इसमें हम लोगों ने इस बात को प्राथमिकता दी है। जिस जनपद का निवासी है, उस जनपद में उसकी भर्ती हो। आपदा प्रबंधन की उसकी ट्रेनिंग हो। आपदा ट्रेनिंग के साथ फर्स्ट रिस्पॉन्ड पर्सन के रूप में होमगार्ड का जवान वहां जाकर के लोगों को राहत देने में अपना योगदान देगा और इसको लेकर के उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के द्वारा इस प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।***

**********

संविधान शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रदेश भर में प्रतिमाओं की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। कल बाबा साहब डॉक्टर आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में आम्बेडकर महासभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बाबा साहब की प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिये चहारदीवारी बनवायेगी। साथ ही, सम्मान स्वरूप प्रतिमाओं के ऊपर छत्र की स्थापना भी करायी जायेगी।

डॉक्टर आम्बेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब की शिक्षाओं से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार वंचितों के उत्थान के लिए कई अभियान चला रही हैं।

***बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने जब भारत का संविधान बनाया था, भारत के संविधान के शिल्पी के रूप में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया था। तीन महत्वपूर्ण शब्द उसकी प्रस्तावना में रखे थे। वह था न्याय, स्वाधीनता यानी समता और बंधुता अगर आप देखेंगे मोदी जी ने सबका साथ और सबके विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ हर गरीब को, हर वंचित को, हर दलित को, हर पिछड़े को, हर महिला को, हर युवा को प्राप्त हो हो सके, इसके लिए देश के अंदर जो कार्यक्रम अभियान प्रारंभ किए, वह आज आप सबके सामने है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगामी एक दो महीने के अंदर चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी मुहैया करायेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम प्रयागराज एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर माघ मेला दो हजार छब्बीस की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा माघ मेले से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई चूक न होने पाये। माघ मेला में संत–महात्माओं के साथ श्रद्धालुओं को भी उत्कृष्ट सुविधायें मिलनी चाहिए।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल मिर्जापुर जिले में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास और जन कल्याण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित होना चाहिए।

**********

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने विमानन कंपनी– इंडिगो एयर लाइंस को यात्रियों के सभी रिफंड शीघ्र वापस करने का निर्देश दिया हैं। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उडानों की रिफंड प्रक्रिया आज रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। भुगतान

प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने का परामर्श दिया गया है। इस बीच लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर हवाई अड्डे से इंडिगो की उड़ाने कल भी प्रभावित रहीं।

**********

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एक ऐसे निवेश मंच का प्रचार कर रहे हैं जो साप्ताहिक आय का वादा करता है। पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि यह वीडियो डिजिटल रूप से संशोधित किया गया है। पीआईबी ने स्पष्ट किया कि सरकार ऐसी किसी भी योजना को बढ़ावा नहीं देती है।

**********

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य तेजी से जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार अब तक प्रदेश में इक्यानबे हजार चार सौ इकतालीस बूथों पर एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। गोरखपुर में एसआईआर के बारे में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि लोग ऑनलाइन पोर्टल से घर बैठे गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है वह फार्म 6 भरें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

***ईसीआई नेट करके आपकी ऐप है जो आप Android और मतलब iPhone जो भी है Apple पर दोनों पर चलती है। आप उसको इंस्टॉल करेंगे तो उस पर सारी सुविधाएं हैं। उस पर सुविधाएं मतलब आप सबसे पहले इंस्टॉल करके उसको खोलेंगे तो सबसे पहला ऑप्शन ही आपको पॉपअप मेन्यू में दिखाता है कि आप अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरना चाहते हैं या नहीं। उसमें दूसरा लिस्ट में दिखाता है कि आप अपना नाम 2003 की सूची में ढूंढ सकते हैं।***

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग दिसम्बर–जनवरी माह में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक भर्ती परीक्षा का आयोजन करेगा। इस परीक्षा के जरिए 15 विषयों में सात हजार चार सौ छाछठ पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

**********

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण का कल पांचवां दिन था। इस क्रम में तमिलनाडु से आये दूसरे और तीसरे दल ने वाराणसी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। एक रिपोर्ट....

***काशी और तमिलनाडु के ऐतिहासिक संबंधों के भव्य उत्सव के चौथे संस्करण की मेजबानी करने का कार्यक्रम काशी तमिल संगमम 4 काशी में लगातार जारी है अब तक तमिलनाडु से तीन दल काशी आ चुके हैं। जिसमें प्रथम दल ने अपने इस दौरे को पूरा भी कर लिया है। दूसरा और तीसरा दल काशी के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर रहा है तीसरे दल के रूप में काशी आए लेखकों ने बाबा विश्वनाथ दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के पश्चात कॉरिडोर का भ्रमण किया और अन्य क्षेत्र में प्रसाद भी ग्रहण किया अपने काशी आगमन पर तमिलनाडु से आए तीनों दल अभिभूत है यहां की परंपराओं के साथ–साथ इसकी पौराणिकता और ऐतिहासिकता उनको मंत्र मुग्ध कर रही है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय और आईआईटी–मद्रास शैक्षणिक साझेदार हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंधों को नया आयाम दे रहे हैं। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

**********

भारत ने दक्षिण अफ्रीका से तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रंखला 2–1 से जीत ली है। कल विशाखापट्टणम में तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 271 रन का लक्ष्य भारत ने 39 ओवर और पांच गेंद में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की तरफ से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 116 रन बनाये और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**********